भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2343

06 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: भारत दाल उत्पादन स्वावलंबन अभियान

2343. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत दाल उत्पादन स्वावलंबन अभियान के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) इससे दालों के उत्पादन को बढ़ावा देने, बफर संबंधी मानदंडों को पूरा करने और हमारे देश को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में किस हद तक मदद मिलेगी;

(ग) क्या आन्ध्र प्रदेश राज्य को उक्त अभियान में शामिल नहीं किया गया है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा उपर्युक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए किसानों को प्रदान किए जाने वाले प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ङ): उपभोक्ता मामले विभाग ने उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर दाल उपलब्ध कराने की दृष्टि से जुलाई 2023 में "भारत दाल" ब्रांड नाम के तहत सब्सिडी वाली चना दाल की बिक्री करना शुरू किया है। "भारत दाल" में उपभोक्ता को सस्ती कीमतों पर खुदरा बिक्री के लिए मूंग दाल, साबुत मूंग और मसूर दाल को शामिल किया गया है। दलहन की खेती में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और अधिक दलहन की खेती करने हेतु, किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार ने आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अरहर, उड़द और मसूर के 100% एफएक्यू (उचित एवं औसत गुणवत्ता) स्टॉक की खरीद करने का निर्णय लिया है।

*****